# एक दिवसीय जैविक मेला संपन्न

# जैविक मेला, जैविक किसान व उपभोक्ता को मिलाने का एक प्रयास है :दिलीप सिंह

बन्शीलाल धाकड़ 'राजपुरा'
· ख़बर गुलशन डेस्क

**बांसवाड़ा।** जैविक खेती करने वाले किसान यदि अपने सही उपभोक्ता को पहचान ले तो उनकी बाजार तक पहुंच बन सकती हैं और जैविक मेले का आयोजन जैविक खेती करने वाले किसान और उपभोक्ता को मिलने का एक प्रयास है,

उक्त विचार कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ दलीप सिंह ने 'कट्स' मानव विकास केंद्र द्वारा मंगलवार को गोविंद गुरु राजकीय महाविद्यालय ग्राउंड में आयोजित जैविक मेला प्रदर्शनी अवलोकन के दौरान व्यक्त किए.





'कट्स' के कार्यक्रम अधिकारी मदन लाल कीर के अनुसार 'कट्स' द्वारा संचालित पो-स्कोप परियोजना के तहत आयोजित जैविक मेले का उद्देश्य किसान एवं उपभोक्ता को एक ऐसा मंच उपलब्ध करवाना है जहां जैविक खेती करने वाला किसान अपने उत्पाद बेच सके एवं उपभोक्ता उन उत्पादों को खरीद सके.

'कट्स' कार्ट के कार्यक्रम अधिकारी राजदीप पारीक ने बताया कि 'कट्स' द्वारा राजस्थान के 12 जिलों में जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए प्रो-स्कोप परियोजना संचालित की जा रही है. परियोजना के तहत जागरूकता कार्यशाला, जैविक मेला, बीज बैंक, स्कूल में जैविक गार्डन विकसित कर जैविक उत्पाद एवं उपभोग बढ़ाते हुए स्वस्थ जीवन शैली का विकास किया जाएगा.

जैविक मेले और प्रदर्शनी के दौरान जैविक किसान सुखी मकवाना, रिना मकवाना, कालूराम यादव, रमेश कटारा, देवी लाल डामोर, जगदीश गायरी, कालूराम कटारा, दिनेश कटारा सहित 10 किसानों ने जैविक सब्जी एवं अनाज की प्रदर्शनी लगाई. इस अवसर पर 'कट्स' के उदय लाल गायरी, सतीश मईडा स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि, गोविंद गुरु महाविद्यालय के कृषि स्नातक के छात्र-छात्राएं, जागरूक उपभोक्ता सहित 80 सहभागियों द्वारा प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

# जैविक खेती करने वाले किसानो को बाजार उपलब्ध हो इसके प्रयास किए जाएंगे- उपखंड अधिकारी चारण



शेखावाटी संकल्प

**गोविंदगढ़ ( पवन शर्मा )।** गोविंदगढ़ क्षेत्र के जैविक खेती करने वाले किसानो को बाजार उपलब्ध करवाने के लिए प्रयास किए जाएंगे। उक्त विचार कट्स एवं आत्मा संस्थान के द्वारा एवं भारतीय किसान संघ के सहयोग से चौमू में आयोजित जैविक मेले के दौरान चौमू उपखंड अधिकारी प्रियव्रत सिंह चारण ने व्यक्त किए।

उन्होंने बताया की यदि किसान जैविक खेती करता है तो उसे अपने उत्पाद की बिक्री के लिए बाजार पर ध्यान देना होगा।कट्स जयपुर के राजदीप पारीक ने बताया की जैविक मेले का उद्देश्य जैविक खेती करनी वाले किसानो एवं जैविक उत्पाद खरीदने वाले उपभोक्ताओं को एक मंच पर लाना है, जिसके उनको एक दूसरे की पहचान हो सके।निमिषा शर्मा ने बताया की कट्स जयपुर एवम स्वीडिश सोसायटी फॉर नेचर कंजर्वेशन के सहयोग से प्रोस्कॉप परियोजना जो की राजस्थान के 12 जिलों में संचालित की जा रही है। इस योजना के अन्तर्गत सभी जिलों में मॉडल जैविक गांव बनाने की दिशा में कार्य किया जाएगा।

# जैविक उत्पाद मेलें का हुआ आयोजन

# किसान और उपभोक्ता को एक मंच पर लाने का प्रयास : पारीक

**शेखावाटी संकल्प**

**दौसा ( मनीष रांझणा )।** शहर के गुप्तेश्वर रोड़ हाउसिंग बोर्ड में आज मनसा माता मंदिर पार्क पर विधिवत रूप से जैविक उत्पाद मेला संपन्न हुआ। जिसमें जिलें से प्रोग्रेसिव किसानों ने अपनीं जैविक उत्पाद की प्रदर्शनी लगाई गई । उसकों बड़ें हीं उत्साह पूर्वक संबंधित कॉलोनी के उपभोक्ताओं ने बड़ें चाव से खरीदा और किसानों का उत्साह वर्धन किया। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र दौसा के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. बीएल जाट ने प्रदर्शनीयों का अवलोकन करतें हुएं बताया कि ऐसी प्रदर्शनीयो से किसान का उत्साह वर्धन के साथ-साथ उपभोक्ताओं में भी जागृति पैदा हो सकतीं हैं और इस कार्यक्रम को ज्यादा से ज्यादा नगर एवं कॉलोनियों के बीच में लगानी चाहिए। जिससें आनें वालें समय में किसान को किसी मध्यस्था की आवश्यकता महसूस न हो और उसके उचित दाम उसको मिल सकें। उसके बाद डीएफओ वी.केतन कुमार ने जैविक उत्पाद प्रदर्शनीयों का अवलोकन किया। और किसानों व




उपभोक्ताओं के लिए यह बहुत हीं शुभ संकेत वाला कार्यक्रम कहाँ आनें वालें समय में सब लोग इसकी तरफ बढ़ते हुएं नजर आएंगे।

साथ हीं जैविक खेती से पर्यावरण का भी संतुलन बना रहेगा। कट्स इंटरनेशनल जयपुर से एसोसिएट निदेशक दीपक सक्सेना ने इस कार्य की हृदय से प्रशंसा की और कहां कि यह परियोजना 12 जिलों में कार्य कर रहीं हैं लेकिन अगर उसमें कोई अग्रणी हैं तो वह दौसा जिला और उम्मीद करते हैं कि आगे भी इसी प्रकार से कार्य करते रहेंगे अंत में संस्था निदेशक ओ.पी पारीक ने बताया कि इस कार्य को किसान और उपभोक्ता को एक मंच पर लाने का एक छोटा सा प्रयास किया जा रहां हैं। लेकिन आज इस उत्साहवर्धन को देखतें हुएं अब ऐसा लग रहां हैं बहुत जल्द हीं हम इस कार्यक्रम में सफल होंगे, किसान और उपभोक्ता जल्द हीं दलाल प्रथा को मिटाने में सहयोग प्रदान करेंगे।

# जिला स्तरीय जैविक मेला संपन्न




सरदारपुरा, जोधपुर। मरुधर गंगा सोसायटी व कट्स इंटरनेशनल के तत्वाधान में जोधपुर के सरदारपुरा अहिंसा पार्क में संपन्न हुआ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सामाजिक कार्यकर्ता अतुल भंसाली, काजरी के जैविक वैज्ञानिक अरुण के शर्मा, नारायण लाल बामणिया डिप्टी डायरेक्टर रिटायर्ड ने भाग लिया। मेले का मुख्य उद्देश्य राजस्थान में उपभोक्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए सतत् उपभोग की गतिविधियों एवं जैविक उपभोग व उत्पादन को बढ़ाते हुए जीवन शैली की संस्कृति का विकास करना प्रोस्कोप परियोजना के तहत जैविक मेला का आयोजन संपन्न हुआ कार्यक्रम में जैविक किसान वेद प्रकाश सांखला राम ऑर्गेनिक, तरुण जैन वर्धमान ऑर्गेनिक, अशोक कच्छावा श्री जैविक अनम, कैप्टन बाबू खान मदीना नर्सरी ऑर्गेनिक फार्म दांतीवाड़ा, राहुल पंचारिया श्री महालक्ष्मी ऑर्गेनिक एवं पशु संवर्धन केंद्र नौसर, खेताराम चौधरी शिव ऑर्गेनिक, सविता भाटी हेमीबाई जैविक उत्पाद, जैविक किसान बुद्धाराम सियोल, जैविक किसान जय किशन डागा हरियाणा रोहतक से विजेंद्र सिंह अपने-अपने फोरम से मूंगफली, सरसों का तेल, वर्मी कंपोस्ट, गुड गाय का घी, पपीता, सब्जियां बेर पुदीना बाजरी से बने लड्डु ताइवान पपीता आंवला का जूस नींबू का जूस जैविक गन्ने का जूस आदि के साथ कार्यक्रम में भाग लिया अच्छी बिक्री हुई।

# जैविक मेला का किया अवलोकन

''पाटन एक्सप्रेस दै.''

झालावाड़। सामाजिक विकास संस्थान एवं कट्स इंटरनेशनल जयपुर के. द्वारा प्रो ऑर्गेनिक परियोजना के तहत जैविक मेला का आयोजन किया गया जैविक मेले में मुख्य अतिथि कृषि उपनिदेशक कैलाश चंद मीणा, सेवानिवृत्त मधुसूदन आचार्य, कट्स जयपुर के धर्मेंद्र चतुर्वेदी कृषि विज्ञान केंद्र से डॉक्टर सेवाराम सामाजिक विकास संस्थान से नाथूराम चौधरी व झालावाड़ जिले से प्रगतिशील किसान देवी लाल गुर्जर रूपचंद गुर्जर कल्याण वर्मी कंपोस्ट से राजेंद्र सिंह झाला व 10 जैविक उत्पाद की इस्टाले लगाई गई जिसमें जैविक उत्पाद जैसे सब्जियां फल डालें वर्मी कंपोस्ट खाद व औषधि है उत्पाद की क्रय विक्रय की गई।

# जैविक खेती अपनाने के लिए किया प्रोत्साहित

नवज्योति/कोटा



कट्स एवं रामकृष्ण शिक्षण संस्थान कोटा के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को जैविक मेले का आयोजन भदाना में किया गया। स्वीडीश सोसायटी फोर नेचर कंजरवेशन के सहयोग से राजस्थान के 12 जिलों मे प्रोस्कोप परियोजना संचालित की जा रही है। इसके तहत किसानों को जैविक खेती को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। संस्था सचिव व जिला समन्व्यक युधिष्ठिर चानसी ने बताया कि मेले में कट्स के कार्यक्रम अधिकारी धर्मेंद्र चतुर्वेदी एवं आत्मा कृषि विभाग के उप निदेशक आर. के. जैन, पी.के.सिंह जॉइंट डायरेक्टर हॉर्टिकल्चर, आनंदीलाल मीणा उपनिदेशक उद्यानिकी कोटा द्वारा मेले का शुभारम्भ व अवलोकन किया गया। विशेष आमंत्रित अतिथि आर पी गुप्ता अध्यक्ष जिला प्रोढ़ शिक्षण समिति कोटा, राजीव मल्होत्रा मानद अधिकारी, मुकेश राठौर निदेशक जन शिक्षण संस्थान कोटा व पवन टांक थे। मेले में जैविक खेती करने वाले किसान नरेन्द्र मालव, गौरव शर्मा, किशन सुमन, दिनेश कुमार, हरीश बड़गुर्जर, बृजराज गौड़, उमेश नागर, हेमराज प्रतिहार आदि ने अपने उत्पादों के साथ भाग लिया। उपभोक्ताओं ने मेले में उत्पाद भी खरीदे।